सीएम ने किया मेट्रो तीन के मॉडल का अनावरण

महानगर संवाददाता

मुंबई

मेट्रो-3 कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज कॉरिडोर की मेट्रो (रोलिंग स्टॉक मॉडल) का मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अपने सरकारी निवास वर्षा पर अनावरण किया। नंवबर माह में गाड़ी का उत्पादन शुरू होगा। मेट्रो तीन कॉरिडोर को एक्वा लाइन नाम दिया गया है। अनावरण के मौके पर एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे के अलावा परियोजना निदेशक सुबोध कुमार गुप्ता, संचालक (प्रणाली) अजय कुमार भट्ट आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एमएमआरसी ने मेट्रो गाड़ी और उसके डिब्बों की रचना व निर्माण का काम ऑलस्ट्रॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड को दिया है। इस दौरान अश्विनी भिडे ने कहा कि ऑलस्ट्राम ट्रांसपोर्ट इंडिया की सिटी फैक्टरी में इस साल नवंबर माह से मेट्रो गाड़ियों का उत्पादन शुरू हो जाएगा और एक साल में पहली ट्रेन का आगमन अपेक्षित है। इस दौरान मेट्रो रेल कार्पोरेशन-एमएमआरसी के अधिकारी-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री सहायता निधि के लिए एकत्रित चार लाख रुपए का चेक प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे ने मुख्यमंत्री फड़नवीस को सौंपा।

मेट्रो की विशेषता

- सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में यात्रा के लिए आर्द्रता नियंत्रित करने वाले पूरी तरह वातानुकूलित कोच
- सूचना, विज्ञापन और मनोरंजन के लिए एलसीडी स्क्रीन
- डिजिटल मार्ग, मानचित्र सूचक
- यात्रियों की आसान यात्रा के लिए उद्घोषणा प्रणाली
- बैठने की आरामदायक आसन व्यवस्था
- दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर सहित विशेष आसन व्यवस्था
- स्वच्छ और आसान वेंटिलेशन व्यवस्था
- हर डिब्बे में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली आग से बचाव के लिए स्मोक डिटेक्टर और अग्निशामक यंत्र, इमरजेंसी की स्थिति में यात्री और नियंत्रण कक्ष से संपर्क की व्यवस्था